उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण

UPSIDA

यूपीएसआईडीसी काम्प्लेक्स,
ए-1/4, लखनपुर,
कानपुर-208024
फोन नं0 0512-2582851-53(पीबीएक्स),
वेबसाईट-www.onlineupsidc.com
जी.एस.टी. न0-09AAACU1759KIZZ

दिनांक:

संदर्भ संख्या / यूपीसीडा / औ0क्षे0 / SEZ Agenda Note/

कार्यालय आदेश

यूपीसीडा द्वारा विकसित एस0ई0जेड0 मुरादाबाद की स्थापना, एस0ई0जेड0 एक्ट के अन्तर्गत निर्यात को बढावा दिये जाने तथा निर्यातोन्मुखी इकाईयों को सुविधाओं देने के उद्देश्य से हुई है। एस0ई0जेड, मुरादाबाद के एक बॉडेड क्षेत्र होने के कारण, यहां भवन मानचित्र की स्वीकृति हेतु क्षेत्र प्रबन्धक कार्यालय, एस0ई0जेड, यूपीसीडा, मुरादाबाद द्वारा तकनीकी परीक्षण के बाद विकास आयुक्त की अध्यक्षता में यूनिट अप्रूवल कमेटी द्वारा भवन मानचित्र का अनुमोदन अनिवार्य है जिसके कारण होने वाले विलम्ब के कारण एस0ई0जेड0 मुरादाबाद के आवंटियों पर समय विस्तारण शुल्क की देयता भारित की जाती है।

उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 40वीं बोर्ड बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु निवेश मित्र पोर्टल पर निर्धारित अवधि 15 दिन के उपरान्त एस0ई0जेड, मुरादाबाद के प्रकरणों में यूनिट अप्रूवल कमेटी से अनुमोदन प्राप्त होने की तिथि तक लगने वाले समय को, आवंटियों को इकाई उत्पादनरत करने हेतु निर्धारित निशुल्क समय में शून्यकाल माना जाएगा तथा तदपश्चात ही समय विस्तारण शुल्क प्रभावी किया जाएगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से केवल अनिस्तारित प्रकरणों पर लागू होगा।

/

(अस्मिता लाल)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी

संदर्भ संख्या 949-954 / यूपीसीडा / औ0क्षे0 / SEZ Agenda Note   दिनांक: 29/06/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा, मुख्यालय, कानपुर।
2. समस्त अनुभागाध्यक्ष, यूपीसीडा, मुख्यालय, कानपुर।
3. समस्त क्षेत्रीय प्रबंधक / परियोजना अधिकारी, यूपीसीडा.............।
4. क्षेत्र प्रबन्धक, यूपीसीडा, एस0ई0जेड0, मुरादाबाद।
5. समस्त अधिकारी / कर्मचारी औ0क्षे0 अनुभाग, यूपीसीडा, मुख्यालय...........।
6. प्रभारी-कम्प्यूटर अनुभाग, यूपीसीडा, मुख्यालय, कानपुर को प्राधिकरण की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के निर्देश के साथ।
7. गार्ड फाईल।

(अस्मिता लाल)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी